

# साँप काटने पर प्राथमिक उपचार

## क्या करें




सर्पदंश होने पर एम्बुलेंस को बुलाएं।



रोगी को स्थिर रखें। सर्पदंश वाले हिस्से में सूजन हो सकती है, इसलिए बेल्ट, गहने, घड़ी, अंगूठियां आदि उतार दें।



यदि एंबुलेंस आने में देर हो रही हो, तो किसी भी साधन का प्रयोग कर रोगी को करीबी अस्पताल ले जाएं।



पीड़ित को स्ट्रेचर पर बाईं करवट लिटाएं, दाहिना पैर मुड़ा हुआ हो और हाथ से चेहरे को सहारा दें। इससे मरीज़ का दम नहीं घुटेगा और वह ठीक से सांस ले पाएगा।



सर्पदंश का हर विवरण चिकित्सक को दें। केवल विषरोधक (एंटीवेनम) ही इसका उपचार है।

## क्या नहीं करें



घबराएं नहीं। सर्पदंश की चिकित्सा हो सकती है।



झाड़-फूंक न करवाएं। सांप को मारने या पकड़ने का प्रयास ना करें।



सर्पदंश वाले हिस्से को ना काटे और ना ही चूसे।



सर्पदंश वाले स्थान पर रक्तरोधी पट्टी (टूर्नकिट) न बाँधें, बर्फ का इस्तेमाल ना करें और ना ही मालिश करें क्योंकि इससे और भी नुकसान होता है।




खुद ही इलाज ना करें और ना ही किसी जड़ी-बूटी का प्रयोग करें। इससे कोई लाभ नहीं होता।

## सर्पदंश से कैसे बचें



बाहर निकलते समय पैरों को ढकने वाले जूते पहने।



रात में हमेशा टॉर्च का प्रयोग करें। जहां आप हाथ या पैर रखें उस जगह को पहले देख लें।



फर्श पर ना सोएं और मच्छरदानी को अच्छी तरह से दबा लें।



घर और आसपास के परिवेश को साफ सुथरा और व्यवस्थित रखें।चूहों की जनसंख्या को नियंत्रित करें।




लोगों को जागरूक करें। सर्पदंश रोकने में मददगार बनें।

**PREVENTION AND CONTROL OF SNAKE BITE ENVENOMING**

STATE HEALTH SOCIETY A & N ISLANDS

NATIONAL HEALTH MISSION